राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान, जयपुर
(जी.3 राजमहलरेजीडेन्शियल ऐरिया,सिविललाईनफाटक, 22 गोदाम जयपुर)
टेलीफैक्स 0141–2222403, ईमेल–dlb.lsg@rajasthan.gov.in

क्रमांकः–प.1(ग)( )का / एस.एम.ई–3 / डी.एल.बी. / स.भर्ती / 23 / 8720 दिनांकः– 06/10/2023

नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारी पद की सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 02 / 2023

राजस्थान नगरपालिका (सफाई कर्मचारी सेवा) नियम, 2012 एवं समय–समय पर किये गये संशोधन के अनुसार विज्ञापन संख्या 01 / 2023 दिनांक 09.06.2023 द्वारा राज्य की 176 नगरीय निकायो के लिए निकायवार विज्ञापित सफाई कर्मचारियों के कुल 13025 रिक्त पदो पर सीधी भर्ती हेतु इच्छुक, निर्धारित योग्यताधारी अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन (Online Application Form) आमंत्रित किये गये थे।

विभागीय आदेश क्रमांक 8111 दिनांक 06.10.2022 द्वारा राज्य की नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारी के 11772 नवीन पदों के सृजन उपरान्त विज्ञापन संख्या 01 / 2023 दिनांक 09.06.2023 की निरन्तरता में ही राज्य की 186 नगरीय निकायों के निकायवार विज्ञापित सफाई कर्मचारी के कुल 24797 (13025+11772) रिक्त पदों का निकायवार संशोधित वर्गीकरण निम्न प्रकार से अधिसूचित किया जाकर पुनः इच्छुक, निर्धारित योग्यताधारी अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन (Online Application Form) दिनांक 16.10.2023 से दिनांक 04.11.2023 रात्रि 23:59 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। सफाई कर्मचारी पद हेतु योग्यता, रिक्त पदों की संख्या, आवेदन प्रक्रिया, आवेदन शुल्क एवं निकायवार पदों का विवरण तथा अन्य विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट https://lsg.urban.rajasthan.gov.in/ पर उपलब्ध है। जिन अभ्यर्थियों द्वारा उक्त पदों हेतु पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या 01 / 2023 दिनांक 09.06.2023 के तहत ऑनलाईन आवेदन किया जा चुका है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नही है, पूर्व मे आवेदित अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन मे संशोधन कर सकते है तथा शेष शर्तें पूर्व मे जारी विज्ञापन संख्या 01 / 2023 दिनांक 09.06.2023 के अनुसार यथावत रहेगी।

हृदेश कुमार शर्मा
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव